# Institutional Distinctiveness

The progress and development of any institution depends upon its uniqueness, its innovations and its distinctness from other institutions. SCVB Government college Palampur always put its focus on its mission and vision and work in a very distinctive manner. Most of the students of the college come from nearby rural villages and number of girl students is always more than boys since its inception(1995).

In spite of having rural background, students are rich in strength, talent and knowledge Main Aim of the college is to tap their potential and strength and motivate them for higher education. In order to boost their confidence, college provide ample opportunities to these students from different platforms such as NSS, NCC, Rovers and Rangers, Red ribbon club, eco club, sports club and other societies where they take part in academic, curricular, extracurricular and extension activities and develop academic as well as professional, cultural, social consciousness, alertness, responsiveness acumen. They learn the importance of working together in groups . Seminars related to health, environment, drug abuse help them in dealing with such socio-economic issues. There are two units of NSS, NCC and Rovers and Rangers in the college. These agencies inculcate leadership qualities, discipline and moral values in both boys and particularly, girls. Activities of NSS, NCC and rovers and rangers instill enough knowledge and confidence in them. Many NCC cadets appear in B/C certificate tests and get job in defense forces, get selected for participation in RDC parade, NSS students carry out many types of activities in college campus as well as nearby and adopted village and also take part in 7 days Special camp at the end of the session. Rovers and rangers participate in different state level events of Scouts and Guides and disaster management. Red ribbon club organize blood donation camps and Health related seminars.

Thus, SCVB College provides quality education to the students of Palampur subdivision while maintaining the high standards and values shaping their future in right perspective.

# Glimpses of some activities

**दिनांक 26 जुलाई 2019::: पौधारोपण कार्यक्रम**

**दिनांक 26 जुलाई** को शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 55 स्वयंसेवियों नेमहाविद्यालय के प्राचार्य तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशु फुल्लऔर प्रोफेसर रानी की निगरानी में 200 पौधों का रोपण महाविद्यालय परिसर में किया। प्राचार्य डॉ सुजीत सरोच ने अपने वक्तव्य से शहीद विक्रम बत्रा के जीवन की महत्वपूर्ण गतिविधियों का उल्लेख करते हुए शूरवीर के वीरता भरे कारनामों से प्रेरणा लेने को प्रोत्साहित किया। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारियों सहित शहीद के घर पहुंचकर उनके माता-पिता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**उपस्थित स्वयंसेवी----पचपन**

**उपस्थित कार्यक्रमअधिकारी_दो**





**दिनांक 2 सितंबर2019::स्वच्छता अभियान**

**दिनांक 2 सितंबर** को स्वयंसेवियोंने कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशानुसार अपने महाविद्यालय के परिसर की साफ-सफाई की गतिविधि को व्यावहारिक रूप दिया। इसके लिए परिसर के भीतर और चारदीवारी से बाहर की अवांछित झाड़ियों तथा घास को उखाड़ा। इधर-उधर बिखरे कूड़ा करकट और पॉलिथीन को इकट्ठा करके एक स्थल पर उनका निपटान किया गया।

**कुल उपस्थित स्वयंसेवी –55**

**उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी-दो**






**दिनांक 6 सितंबर 2019:::: वनस्पति उद्यान का जीर्णोद्धार**

**दिनांक 6 सितंबर को** महाविद्यालय के परिसर में स्थित वनस्पति उद्यान और आसपास के क्षेत्र की सफाई के लिए स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 50 स्वयंसेवियोंने जलपान गृह के पास स्थित वनस्पति उद्यान का जीर्णोद्धार किया। पुराने पौधों और जंगली घास को उखाड़ागया तथा उनके स्थान पर70 पौधों को लगाया गया। व्यर्थ की झाड़ियों को भी उखाड़ा। इसके साथ-साथ परिसर में दीवारों पर लगे अनावश्यक फटे पुराने पोस्टरों को भी स्वयंसेवियोंने उतारा।

**उपस्थित स्वयंसेवी—50**

**उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी—दो**









**दिनांक 24 सितंबर 2019::राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना समारोह**

**दिनांक 24 सितंबर को** महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। नए स्वयंसेवियोंका स्वागत किया गया। समारोह स्थल की दीवारों पर राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को दर्शाते सूचना पत्र लगाए गए। वरिष्ठ स्वयंसेवियोंने इस कार्यक्रम में विविध रंगी प्रस्तुतियां देकर बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।यथा कविता पाठ, लघु नाटिका ,समूह गान ,समूह नृत्य ,एकल नृत्य ,भाषण तथा प्रेरक कहानी का पठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुजीत सरोज ने स्वयंसेवियोंको मानव जीवन मूल्यों की उपयोगिता,संस्कारों का महत्व ,राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को गांधी दर्शन के परिप्रेक्ष्य में समझाया। संपूर्ण आयोजन वरिष्ठ स्वयंसेवी ओं की रचनात्मक और मौलिक कला का श्रेष्ठ प्रदर्शन तथा नए सदस्यों के लिए एक प्रेरणादायक अच्छा अनुभव प्रमाणित हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने आयोजन के बाद महाविद्यालय के छात्रावास के प्रांगण में 60 पौधों का रोपण किया।

**उपस्थित स्वयंसेवी—87**

**उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी-दो**

**दिनांक 2 अक्टूबर 2019::: प्लास्टिक मुक्त और फिट इंडिया कार्यक्रम**

**दिनांक 2 अक्टूबर को**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वच्छता अभियान और फिट इंडिया कार्यक्रम पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारियों ,संकाय सदस्यों तथा स्वयं सेवियोंने उत्साह पूर्वक और लगन से इस आयोजन में भाग लिया। **प्लास्टिक मुक्त भारत** इस अभियान का विचार बिंदु रहा।

प्राचार्य सुजीत सरोज ने गांधी जी के सत्य ,अहिंसा और मानवतावादका उल्लेख करते हुए आज के युग में इन तत्वों की प्रसंगिकता को सिद्ध करते हुए गांधी आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। प्राचार्य ने सभी को परिवेश की स्वच्छता के प्रति समर्पण भाव अपनाने और प्लास्टिक का प्रयोग ना करने की शपथ दिलाई। **फिट इंडिया प्लॉगइन रन** कार्यक्रम प्राचार्य के

नेतृत्व तले हुआ ।इसके साथ-साथ **स्वच्छता ही सच्ची जनसेवा है** के तहत रन कार्यक्रम को व्यावहारिक रूप दिया गया। इस अभियान के अंतर्गत 4 किलोमीटर की दौड़ लगाई गई और इसके साथ-साथ स्वयंसेवियोंनेप्लास्टिक कचरा और अन्य कूड़ा कबाड़बड़े-बड़ेबैगों में एकत्रित किया। स्वच्छता संबंधी सूचना पत्र हाथों में लेकर जागरूकता के नारे लगाते हुए आम जनता को चैतन्य किया। इसके बाद महाविद्यालय की सफाई सामूहिक श्रमदान से संपन्न हुई। इस प्रकार गांधीजी के स्वच्छता स्वप्न को सफलतापूर्वक मूर्त रूप प्रदान किया गया

**उपस्थित स्वयंसेवी—55**

**उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी—दो**










**दिनांक 16 अक्टूबर 2019::: स्वच्छता पखवाड़ा समापन कार्यक्रम**

**दिनांक 16 अक्टूबर को** स्थानीय प्रशासन तथा गोद लिए गांव निहंग टीका की पंचायत के सहयोग से 60 स्वयंसेवकों ने प्राचार्य महोदय तथा कार्यक्रम अधिकारियों के कुशल नेतृत्व में **स्वच्छता ही सच्ची जनसेवा है** अभियान के अंतर्गत पालमपुर शहर में स्वच्छता संबंधी बैनर और पोस्टर हाथ में लिए जागरूकता के नारे लगाते हुए रैली निकाली, इसके साथ छोटे-छोटे वक्तव्य के माध्यम से आम जनों को स्वच्छता का औचित्य समझाया तथा प्लास्टिक का प्रयोग ना करने को प्रोत्साहित किया। यह एक विशाल और अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम था। इस रैली में नगर परिषद अध्यक्ष ,तहसीलदार ,नगर पार्षद ,सैनिटरी इंस्पेक्टर तथा महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्वयंसेवियोंने इच्छित स्थल शहर के बस स्टैंड के कूड़ा करकट को बोरोंमें एकत्रित किया और 3 घंटे के श्रमदान के उपरांत पूरे स्थल को साफ सुथरा कर दिया और स्वच्छता की व्यापक अलख जगाते हुए इस प्रकार प्लास्टिक मुक्त अभियान को लगन और श्रम के साथ कार्यान्वित किया।

2 अक्टूबर गांधी जयंती पर प्रारंभ हुए इस स्वच्छता पखवाड़े का समापन सफलतापूर्वक हुआ।







**दिनांक 11 नवंबर 2019::: राष्ट्रीय शिक्षा दिवस आयोजन**

**दिनांक 11 नवंबर को** आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की शिक्षा के क्षेत्र में उनकी बहुमूल्य उपलब्धियों तथा योगदान के मद्देनजर उनके जन्मदिन की वर्षगांठ कोमनाने के लिए एक लघु आयोजन किया गया।इसकेअंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशु ने स्वयंसेवी उनको मौलाना आजाद के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं और राजनीति तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके महान क्रियाकलापों से परिचित करवाया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सुलेख प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**उपस्थित स्वयंसेवी—42**

**उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी—दो**




**दिनांक 14 नवंबर 2019::: बाल दिवस के अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम**

**दिनांक 14 नवंबर** को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस की वर्षगांठ को मनाने के उपलक्ष में महाविद्यालय के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनसीसी के सहयोग से एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कैंपस के बास्केटबॉल मैदान ,खेल का मैदान ,कैंटीन का एरिया कवर करते हुए सफाई कर पूरे स्थल को स्वच्छ कर दिया। इसके बाद स्वयंसेवी हाथों मेंस्वच्छता के नारों की पट्टिकाएंलेकर दीवारों पर लगाई और अन्य छात्रों को स्वच्छता का संदेश दिया। कक्षाओं में जाकर छोटे-छोटे वक्तव्य दिए। स्वच्छता रैली परिसर से शुरू करते हुए गांव तक ले गए और वहां के जनों को वक्तव्य

देकर पंडित नेहरू के कार्यों और स्वच्छता के महत्व को समझाया। बड़े मनोयोग से इस अभियान में भाग लेकर स्वयंसेवकों ने अपूर्व निष्ठा का परिचय दिया।

**उपस्थित स्वयंसेवी—72**





**दिनांक 26 नवंबर 2019:: संविधान दिवस**

**दिनांक 26 नवंबर** को भारतीय संविधान की महत्ता को समझाने के लिए स्वयंसेवी होने कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम राजनीति विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ। एक लघु आयोजन के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ प्रज्ञा मिश्रा ने करते हुए संविधान का स्वरूप समझाते हुए इसकी समुचित पालना हेतु उचित दिशा निर्देश दिए तथा प्रतियोगिताओंकेविजेताओं को इनाम वितरित किए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को मनपसंद विषय होने से स्वयंसेवियों ने बहुत आनंद भाव से ग्रहण किया।।




कालेज में समझाया संविधान का महत्व

दिव्य हिमाचल

**दिनांक 1 दिसंबर 2019:: विश्व एड्स दिवस**

**दिनांक 1 दिसंबर को** विश्व एड्सदिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब तथा नशा निवारण कमेटी के सहयोग से एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियोंने कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ प्रज्ञा मिश्रा ने एड्स जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयंसेवकों ने हाथ में बैनर और पोस्टर लेकर आम जनों को जागरूक किया और नारे भी लगाए। प्रसिद्ध समाज सेवक चंद्रभान बावला ने 101 मीटर बैनर में स्वयंसेवियोंसे एड्स के प्रति चेतनता संबंधी संदेश लिखवाए।अत्यंत रुचि से स्वयंसेवकों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**उपस्थित स्वयंसेवी—40**

**कार्यक्रम अधिकारी---दो**










**दिनांक 14 दिसंबर 2019:: सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान**

**दिनांक 14 दिसंबर को** सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश परिवहन निगम द्वारा किया गया। स्वयंसेवियों नेइस विषय पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा नारा लेखन के द्वारा अभिव्यक्त की। परिवहन निगम द्वारा आमंत्रित अतिथि द्वारा स्वयं सेवकोंको सड़क सुरक्षा के नियम बताए गए। कॉलेज की प्राचार्या डॉ प्रज्ञा मिश्रा ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्वयंसेवियोंको अतिथि के वक्तव्य से और प्रतियोगिता में भाग लेकर बहुत कुछ सीखने को मिला।

**उपस्थित स्वयंसेवी—45**

**,कार्यक्रम अधिकारी—दो**







विक्रम बतरा कालेज में नारा लेखन प्रतियोगिता

दिव्य हिमाचल



ईशा ठाकुर ने लिखा सबसे सुंदर नारा

**दिनांक 15 दिसंबर 2019::: अंतर महाविद्यालय ताई क्वाडो चैंपियनशिप हेतु स्वच्छता कार्यक्रम**

**दिनांक16दिसंबरसे 18 दिसंबरतक महाविद्यालय में** आयोजित अंतरमहाविद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप की तैयारियों के अंतर्गत 15 दिसंबर को महाविद्यालय की परिसर और खेल के मैदान को स्वच्छ करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से विशाल स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत स्वयंसेवियों ने अपूर्व लगन और जोश से अपनी सेवाएं प्रस्तुत की। प्रतिस्पर्धा के चिन्हित स्थलों को साफ सुथरा किया और  शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक के निर्देशानुसार कार्यों को अंजाम दिया। इसके अतिरिक्त खेल के मैदान के अवांछित झाड़झखाड़ो को काटकर जलाया, सूखे पत्तों को हटाया, परिसर की दीवारों पर लगे अनचाहे पोस्टरों को उखाड़ा। पूरे परिसर को स्वच्छ किया, वनस्पति उद्यान में लगी झाड़ियों को काटा। तत्पश्चात

16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक के संपूर्ण कार्यक्रम में आवश्यकतानुसार अपनी अमूल्य सेवाएं देकर कार्यक्रम को सफलता के चरण तक पहुंचाने में महनीय योगदान दिया। संपूर्ण एनएसएस के लिए यह एक विलक्षण अनुभव रहा।

**उपस्थित स्वयंसेवी=60**

**कार्यक्रम अधिकारी=दो**








**25 जनवरी से 31 जनवरी तक एनएसएस वार्षिक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसकी विस्तृत रिपोर्ट अलग से संलग्न है।**

**दिनांक 13 फरवरी 2020::: स्वच्छता अभियान**

लगभग डेढ़ माह के शीतकालीन अवकाश के उपरांत सफाई की दृष्टि से अस्त व्यस्त औरबिखराब से भरे परिसर को व्यवस्थित करने हेतु साफ सफाई अत्यंत आवश्यक थी इसलिए दिनांक 13 फरवरी को युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान स्वयंसेवकों ने अपनेअपनअधिकारियों

की देखरेख में चलाया। पूरे परिसर को भीतर और बाहर से कूड़ा करकट तथा अवांछित झाड़ झखाड़ और प्लास्टिक से मुक्त करवाया साथ में नालियों की सफाई भी की गई और गड्ढों को भरा गया।

**उपस्थित स्वयंसेवी:_-52**

**कार्यक्रमअधिकारी=दो**












**दिनांक 20 जनवरी 2020ः स्वच्छता अभियान**

**दिनांक 13 फरवरी** को चलाएं स्वच्छता अभियान की आगामी श्रृंखला के तहत एनएसएस इकाई ने कक्षाओं की समाप्ति के उपरांत लगभग ढाई बजे से महाविद्यालय के भीतर के समस्त कक्षों को साफ करना प्रारंभ करके ढाई घंटे लगाकर स्वच्छता के अर्थको सार्थक कर दिया।सभी स्वयंसेवकों और कार्यक्रम अधिकारियों ने संपूर्ण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**उपस्थित स्वयंसेवी=44**

**उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी= दो**





**दिनांक 22 फरवरी 2020ः स्वच्छता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण**

**दिनांक 22 फरवरी को** महाविद्यालय में 26 फरवरी को नैकटीम केप्रस्तावित दौरे केमद्देनजरकन्या छात्रावास की साफ सफाई का अभियान व्यापक रूप से एनएसएस इकाई द्वारा चलाया गया। शीतकालीन अवकाश होने से सफाई का संचालन सुचारू रूप से ना होने से छात्रावास की सफाई व्यवस्था शोचनीय थी। इसलिए 3 घंटे के श्रमदान के उपरांत स्वयंसेवियोंने छात्रावास को पूर्णतया स्वच्छ कर दिया। क्योंकि वहां पौधों की अवस्था बदतरथी इसलिए पुराने बेजानपौधों को उखाड़ कर उसके स्थान पर गमलों में और क्यारियों में लगभग 70 पौधों को रोक दिया गया जिनको पानी देना और अन्य प्रकार की देखरेख करने का दायित्व स्वयंसेवकों ने बारी-बारी स संभाल लिया ।

स्वयंसेवियोंकी यह उदास प्रवृत्ति पौधों के प्रति संवेदन आगरा ही दृष्टि और सकारात्मक नजरिए का प्रतीक थी कि उन्होंने जहां-जहां जब जब बहुसंख्यक पौधों का रोपण किया वही उनकी देखरेख का दायित्व भी भलीभांति संभाला। इस प्रवृत्ति से पौधों को संजीवनी मिली और वे पलवित विकसित हुए। बहुत से स्वयंसेवी उन पौधों को रोकने के उपरांत आवारा पशुओं और मौसम की मार से बचाने के लिए उनके इर्द-गिर्द कटीली बाढ़ रुचि पूर्वक खुद लगाएं। यह पर्यावरण सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण सच में प्रेरणास्पद है। इससे अन्य छात्रों को भी सीखने को मिला।

**उपस्थित स्वयंसेवी =47**

**उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी = 2**





**25 फरवरी 2020ः स्वच्छता अभियान और जल संरक्षण रैली आयोजन**

**दिनांक 25 फरवरी** को महाविद्यालय में नैक टीम आगमन के मद्देनजर एक बार पुनः एनएसएस इकाई ने परिसर और भीतर के समस्त स्थलों को अन्य सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर पूर्णता स्वच्छ कर दिया। सफाई का यह व्यापक अभियान था जिसमें महाविद्यालय की एनसीसी इकाई और रोवर्सएंड रेंजर्स ने भी स्वयंसेवी ओ को पूरा पूरा सहयोग दिया। बड़ी मात्रा में कूड़ा करकट एकत्रित करकेउचित स्थल पर निपटान किया गया।

इसके उपरांत पहले से नियोजित जल संरक्षण रैली के लिए एनएसएस स्वयं सेवी परिसर में एकत्रित हो गए तथा पूर्ववत तैयार किए जल संरक्षण संबंधित पोस्टर और स्लोगन पटिया हाथ में लेकर रैली के लिए निकल पड़े। रैली से पूर्व परिसर में प्राचार्य महोदय ने जल सुरक्षित रखने के औचित्य को समझाया। इसके बाद **जलही जीवन है ,जल की एक–एक बूंद बहुमूल्य है, जल बचाओपृथ्वी को स्वर्ग बनाओ** जैसे नारे लगाते स्वयंसेवी अपने कार्यक्रम अधिकारियों और कुछ प्राध्यापकों के संग जन जागरूकता अभियान के लिए निकल पड़े। रैली का क्षेत्र 4 किलोमीटर तय किया गया। यह मानव जीवन की भलाई के लिए जल संरक्षण हेतु एक अनमोल और बहु उपयोगी अभियान रहा।

**उपस्थित स्वयंसेवी=62**

**उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी=दो**





























**14 फरवरी 2020 ः प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम**

युवा मामले और खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 14 फरवरी को प्रस्तावित प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम को एनएसएस इकाई द्वारा अपूर्व उत्साह द्वारा मनाया गया। चिकित्सा व्यवसाय का प्रथम पड़ाव **प्राथमिक चिकित्सा** हमारी जिंदगी का अति आवश्यक और व्यवहारिक पक्ष है जिसे सहजता और सरलता से सीखा जा सकता है, बस थोड़े से प्रयासों लगन और धैर्य की जरूरत है ।कुछ ऐसा ही प्रोत्साहन स्वयंसेवी ओं को आयोजन में आमंत्रित मुख्य वक्ता डॉ शिवानी गुलेरिया ने सहज वक्तव्य से दिया। प्राथमिक चिकित्सा व्यक्ति या वर्ग विशेष तक सीमित नहीं अपितु इसके उपायों और साधनों का प्रयोग प्रत्येक के लिए सीखना आवश्यक है। ऐसे बहुमूल्य ज्ञान वर्धन से संपूर्ण एनएसएस इकाई तथा अन्य विद्यार्थी गणों के साथ अध्यापक वर्ग भी लाभान्वित हुए। जानी-मानी चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवानी ने मौखिक वक्तव्य के साथ-साथ व्यावहारिक(practically) रूप से करके अपना मंतव्य समझाया जो उपस्थित जनों के लिए मनभावन और रुचि परक रहा।

**उपस्थित स्वयंसेवी=55**

**उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी=दो**







**8 मार्च 2020: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

**8 मार्च** को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने के उपलक्ष में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कुल 24 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। उन्होंने नारी जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं , स्थितियोंऔर समस्याओं को केंद्र में रखकर पोस्टर बनाएं।नारी स्थितिके सकारात्मक और नकारात्मक दृष्टिकोण को उकेरा। अनेक स्वयंसेवी निपुण चित्रकार है इसलिए बड़े मनोयोग सेउकेरेगए चित्रों को समीक्षकों की भरपूर सराहना मिली। नारी दिवस को समर्पित स्वयंसेवी ओं का यह प्रयास अनूठा रहा। मुख्य अतिथि प्राचार्य महोदया ने नारी की परंपरागत और आधुनिक स्थितियों को मनोवैज्ञानिक पद्धति से स्वयंसेवी यों को समझाया तथा बनाए गए पोस्टरों का विश्लेषण करते हुए उनके मंतव्य का अर्थ बतलाया। नारी के चिंतित और अभिमानी स्वरूप के विचार विमर्श के लिए यह एक महत्वपूर्ण आयोजन रहा।

**उपस्थित स्वयंसेवी: 40**

**कार्यक्रम अधिकारी: दो**











**रिपोर्ट प्रस्तुत कर्ता:: डॉ नैंसी चौहान (कार्यक्रम अधिकारी)**

**डॉ आशु फुल्ल(कार्यक्रम अधिकारी)**

**दिनांक:  15 मार्च 2020**

1. RDC at Shimla

4 Rovers and 3 Rangers attended the RDC camp at Shimla and participated in Republic Day Parade.

Venue: Shimla

Date : 18 Jan to 27 Jan 2020

2. Pioneering Camp

Rovers and Rangers participated in pioneering camp in college campus and they prepared a Bamboo Hut. During this they also learnt some survival techniques such as preparing Bamboo rice and bamboo tea.

Venue: College Campus

Date : 15 Feb to 25 Feb 2020

3. Welcome To NAAC Team

Rovers and Rangers provided their best services to NAAC Team on behalf of college. Rovers and Rangers offered them the Bamboo Tea and some Traditional cuisines.

Venue : College Campus

Date : 28 Feb 2020




4. SCOUTS FIGHT AGAINST CORONA

PHASE 1 : Rovers and Rangers prepared hand made posters on corona awareness.

PHASE 2 : Rovers and Rangers prepared digital posters as per the guidance of Bharat Scouts and Guides.

PHASE 3 : Rovers and Rangers attended virtual meetings at zoom and presented their actively participation in state headquarters programme.

PHASE 4 : Rovers and Rangers presented their PPTs on Corona awareness at Zoom meetings.

Venue : Digital Platform,  Zoom App

Date : 18 March to 20 May 2020






स्काउट्स एवं गाइड्स की प्रदेश इकाई ने आयोजित की प्रतियोगिता

प्रश्नोत्तरी में करसोग का हितेश प्रथम

विजेताओं को मीनाक्षी सूद ने दी बधाई

5. WAGGGA initiative Programme

The BSGHP Force conducted a online virtual WAGGGS Initiative Programme from 23 May to 30 May 2020 . Rovers and Rangers of our unit won the first prize for best future project draft. Rover Aniket won the 3rd Prize in the WAGGGS Camp.

Venue : Zoom App

Date : 23 May to 30 May 2020



# पालमपुर कालेज ओवर आल चैंपियन

● स्काउट्स फाइट अगेंस्ट कोरोना प्रोजेक्ट में बेहतर प्रदर्शन

शिमला। भारत स्काउट एवं गाइड्स हिमाचल प्रदेश राज्य मुख्यालय द्वारा 18 मार्च से चलाया जा रहा प्रोजेक्ट स्काउट्स फाइट अगेंस्ट कोरोना व गत सप्ताह में विश्व गाइड संगठन के मुख्य कार्यक्रमों पर आधारित कार्यशाला का गत बुधवार को विधिवत वर्चुअल समापन हुआ। इसमें डा. अमरजीत कुमार शर्मा, राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एंड गाइड्स व निदेशक उच्च शिक्षा हिमाचल प्रदेश, प्रस्था श्रीवास्तव, निदेशक संगठनात्मक विकास विश्व स्काउट संगठन एशिया प्रशांत क्षेत्र व राज कुमार कौशिक, निदेशक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय, बतौर विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं डा. राय कुमार सचिव, मीनाक्षी सूद संयुक्त राज्य सचिव व अन्य गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्काउट् गाइड् रोवर, रेंजर के नाम की घोषणा की गई। इस प्रोजेक्ट के ओवर आल टॉप-3 यूनिट्स राजकीय महाविद्यालय पालमपुर प्रथम, राजकीय महाविद्यालय संजौली द्वितीय व हिल्स क्वीन रेंजर्स ओपन टीम शिमला तृतीय स्थान पर रही। इसके पश्चात इस प्रोजेक्ट में चुनी गई कोरोना संबोधित सर्वश्रेष्ठ प्रेजेंटेशन को प्रदर्शित किया गया तथा सर्वश्रेष्ठ ड्राफ्ट प्रोपोजल को बताया गया। इसके बाद प्रोजेक्ट स्काउट्स फाइट अगेंस्ट कोरोना कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट रेंजर अदिति द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी के समक्ष रखी।

दिव्य हिमाचल Fri, 05 June 2020 https://epaper.divyahimachal




6. Closing Ceremony of Virtual Programme :-

Ranger Ankita Bhatt presented the College Future Project Draft in the Ceremony of BSGHP Force Virtual Programme.

Venue : Zoom App

Date : 07 June 2020



# पालमपुर कालेज ओवरआल चैंपियन







7. Volunteer Services By Rovers and Rangers During Corona Pandemic :-

Rovers and Rangers made masks at their homes and distributed them among the Needy and Poors.

Rovers and Rangers made posters to aware the society regarding corona.

Rovers and Rangers awared about Arogya Setu App and gave examples about how to use it.

Rovers and Rangers provided free tution to the students who were not able to join their online classes.

# चार नहीं हजार... हर समय तैयार







## अध्यापकों से जुड़े हैं ऑनलाइन

वर्धित | बत्रा कॉलेज के विद्यार्थी गांव-गांव जाकर जगा रहे अलख

# लोगों को जागरूक कर रहे रेंजर्स व रोवर्स

जागरण संवाददाता, पालमपुर : शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेंजर्स व रोवर्स यूनिट के सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में जनता को जागरूक करने में जुटे हुए हैं। लॉकडाउन के बाद से संस्थान की रेंजर व रोवर यूनिट प्रभारी डॉक्टर प्रज्ञा मिश्रा के मार्गदर्शन में समाज में निरंतर जागरूकता करते हुए योद्धा के रूप में अपना कर्तव्य निभा रहे हैं।

यूनिट प्रभारी पूनम शर्मा व नवीन राणा ने बताया कि लॉकडाउन कि शुरुआत में रेंजर व रोवर्स यूनिट के सदस्यों अंकिता, अनिकेत, अतुल व मोहित ने हैंड मेड व डिजिटल पोस्टर्स के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का काम किया व विभिन्न माध्यमों से इन पोस्टर्स को समाज में पहुंचाया। साथ ही प्रेजेंटेशन से कोरोना बीमारी से संबंधित विभिन्न विषय जैसे बीमारी की शुरुआत, रोकथाम व इसके लिए किए जाने वाले कार्य कैसे किए जा सकते हैं उसके बारे में अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को बताया। उन्होंने बताया कि रेंजर अंकिता [illegible] पेंटिंग कर के ये संदेश दे रही हैं कि हमें अपनी रुचि वाले कार्य इस लॉकडाउन में करते रहना चाहिए। साथ ही पिछले दिनों आइजीएमसी शिमला में दी गई ट्रेनिंग और शिक्षा विभाग द्वारा चलाए गए हेल्प द पीपल प्रोग्राम के अंतर्गत प्रत्येक स्वयंसेवियों ने गांव में 10-10 मास्क बांटते हुए लोगों को आरोग्य सेतु एप को डाउनलोड करवाया है।



[illegible] • जागरण

# बत्तरा महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने तम्बाकू निषेध दिवस मनाया

पालमपुर, 31 मई (जसवंत कठियाल): शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनैंट डा. दीप कुमार और लेफ्टिनैंट रेनू डोगरा की अगुवाई में सोमवार को तम्बाकू निषेध दिवस मनाया। इस अभियान में महाविद्यालय के 122 एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान सभी एनसीसी कैडेट्स ने पांच-पांच लोगों को तंबाकू का सेवन न करने की प्रतिज्ञा दिलाई और स्वयं भी प्रतिज्ञा ली। इसके अतिरिक्त कैडेट्स ने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों पर व्याख्यान के साथ धूम्रपान और तंबाकू के दुष्प्रभावों से संबंधित पोस्टर बनाकर उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से सांझा करके जागरुकता फैलाने का भी प्रयास किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कौंडल ने बताया कि समय-समय पर चलाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के जागरुकता अभियान के लिए महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी और कैडेट्स बधाई और प्रशंसा के पात्र हैं।





लोगों को तंबाकू का सेवन न करने की प्रतिज्ञा दिलाते और स्वयं भी प्रतिज्ञा लेते हुए।



पालमपुर (जसवंत कठियाल): शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर्स और रेंजर्स ईकाई द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर पोस्टर बनाए गए तथा लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुक्सानों के बारे में जागरूक किया।

# बतरा कालेज में आजादी का अमृत महोत्सव




*पालमपुर : कार्यक्रम के पश्चात सामूहिक चित्र में प्रतिभागी।* (स.ह.)

पालमपुर, 13 अगस्त (स.ह.): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। यह महोत्सव हिमाचल प्रदेश एन.सी.सी. ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी, विशिष्ट सेवा मैडल ए और 1 एच.पी. ब्वायज बटालियन सोलन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल वी.एस. पनाग के निर्देशन में और प्रशासनिक अधिकारी लैफ्टिनैंट कर्नल विनोद कुमार, सेना मैडल, महाविद्यालय के एन.सी.सी. अधिकारी लैफ्टिनैंट डा. दीप कुमार और लैफ्टिनैंट रेनु डोगरा की उपस्थिति में मनाया गया। समारोह में प्राचार्य डा. प्रदीप कौंडल, 5 एच.पी. धर्मशाला के कमांडिंग ऑफिसर लैफ्टिनैंट कर्नल बी.एस. खड़का और 1 एच.पी. ब्वायज बटालियन के जे.सी.ओ. सूबेदार लोकेश व एन.सी.ओ. टेक चंद भी मौजूद रहे।